बिना सुरक्षा जालीके रखे ट्रान्सफार्मर खतरेको दे रहे दावत

लोकनाथमें स्थानीय लोगोंने बांस-बल्ली लगाकर दिया सहारा

नगर के पुराने इलाके लोकनाथ में कई महीने बिना सुरक्षा जाली ट्रान्सफार्मर रखा हुआ है। जो खतरे को दावत देता नजर आ रहा है। कई बार सुरक्षा जाली लगाने को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत भी की गयी इसके बावजूद सुरक्षा जाली नहीं लगायी गयी।

बिजली की केबिल बाहर निकले रहने से हादसे का खतरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रान्सफार्मर की चपेट में आकर कई बार जानवर घायल हो चुके हैं। हादसे के डर से स्थानीय लोगों ने खुद ही बांस बल्ली लगाकर ट्रान्सफार्मर को सहाना दे रखा है। इसके नजदीक से ही रोजाना बच्चों और महिलाओं का आना जाना लगा रहता है।

क्षेत्र के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से ट्रान्सफार्मर के करीब जल्द सुरक्षा जाली लगाने की मांग किया है। नगर के जिन स्थानों पर ट्रान्सफार्मर के आस पास लोहे की लगायी सुरक्षा जाली टूट चुकी है। ऐसे स्थानों में अब बिजली विभाग लकड़ी की सुरक्षा जाली के जरिये बैरिकेडिंग करा रहा है। बघाड़ा क्षेत्र में काफी दिन से ट्रान्सफार्मर जाली टूटी रही है। यहां सड़कों के करीब से लोगों का गमनागमन होता रहा है। यही नहीं कई बार ट्रान्सफार्मर की चपेट में मवेशी आये, और दुर्घटना हुई। जिसे देखते हुए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लोहे की जाली का इंतजाम न होने पर तत्काल लकड़ी की सुरक्षा जाली लगाया है। इसके अलावा नगर के विद्युत उपकेन्द्रों पावर हाउस, रामबाग, करेली, करेलाबाग, गऊघाट, फोर्टरोड, तेलियरगंज से जुड़े इलाकों में सुरक्षा जाली टूट फूट गयी है। इसमें अकसर ट्रान्सफार्मर के अंदर जानवरी घुसकर दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं।

मनसैताके लापता प्रधानका चौथे दिन भी सुराग नहीं

मनसैता गांव के लापता प्रधान जानकीनाथ यादव का चौथे दिन रविवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। प्रधान के नदी में डूबने की आशंका के मद्देनजर एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को मनसैता नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, देर शाम तक टीम को कोई सफलता नहीं मिली। दूसरी तरफ पुलिस ने संदेह के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इनमें प्रधान के करीबी और विरोधी दोनों शामिल बताए जा रहे हैं।प्रधान के अचानक लापता होने के बाद से पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। उनके करीबियों के साथ ही राजनीतिक और व्यक्तिगत विरोध रखने वालों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि प्रधान किन लोगों के संपर्क में थे और लापता होने से पहले उनकी गतिविधियां क्या थीं। इस बीच चार दिन बाद भी प्रधान का पता नहीं चलने से परिजनों और समर्थकों की बेचैनी बढ़ती जा रही है।

अल्लापुरमें जलजमावसे निजातकी लड़ाई लड़ेंगे स्थानीय लोग

बैठककर टेण्डरसे डंडिया नालेको हटानेका विरोध

थोड़ी सी बारिश में अल्लापुर के कई मोहल्लों में जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए अब स्थानीय लोगों ने स्वयं लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। रविवार को बीएचएस अल्लापुर में हई बैठक में उक्त निर्णय लेते हुए लोगों ने जलजमाव से निजात दिलाने तथा डंडिया अल्लापुर नाला को टेंडर से हटाने के विरोध भी किया। बीएचएस अल्लापुर में शिवराम उपाध्याय एडवोकेट की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसका संचालन क्षेत्रीय वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह ने किया। बैठक में अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि मेरे घर में बरसात में थोड़ी बरसात में सम्पूर्ण घर में २ से पांच फिट तक पानी चार पांच दिन तक भरता ह। मेरा मकान एक मंजिला है, बरसात तक परिवार के साथ पानी भरे घर में मुश्किलें सहते हुए रहने को मजबूर हैं। जलभराव से निजात मिलनी चाहिए। अजय दुबे एडवोकेट ने कहा कि बरसात में घर में पानी भरा रहने के कारण न्यायिक काम प्रभावित होता है। यदि नगर निगम डंडियां नाला की ओवरफ्लो की समस्या दूर करने के लिए डंडियां नाला की क्षमता बढ़ाने का काम नहीं करेगा तो डंडियां नाले को टेंडर से हटाने के विरोध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेंगे। सीनियर सिटीजन आरसी सिंह ने कहा कि ऊपर के बाहरी मुहल्लों का पानी डंडिया नाला में आता है और डंडिया नाले का पानी ओवरफ्लो होकर हम लोगों के घरों में भरता है। यदि जलजमाव की पुनरावृत्ति रोकने के लिए डंडिया नाला की क्षमता नहीं बढ़ायी गयी तो काफी दिक्कतों का सामना हर वर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने बाहर के मोहल्लों का पानी डंडियां नाला में आने से रोकने की मांग की। बैठक में स्थानीय लोगों ने बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम, शिवनगर, डंडिया, सर्वोयद नगर, रामानंद नगर आदि मुहल्लों में जलजमाव तथा सीवर जाम समस्या स्थाई रूप से जब तक दूर नहीं होगी तब तक लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। बैठक में वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्ड़ियाल, पूर्व पार्षद ज्ञान सिंह पटेल, संजय पाण्डेय, पंकज मिश्रा, प्रदीप पाठक रामू दादा, शुभ नारायण पाण्डेय, अशोक कुमार, हरिहर सिंह, रोहित सिंह प्रधान, नागेन्द्र शुक्ला, शशिभूषण कुशवाहा, इंजीनियर बीएस श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार सिंह मुन्ना, बृजेश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, शेखर दीक्षित भोला, राजू कुलश्रेष्ठ बंटी, मनोज कुमार सिंह, अमरसिंह, शिवकुमार सिंह, ओपी वर्मा, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, एसके निगम, अमित श्रीवास्तव, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

विद्यावाहिनी बस अड्डेपर फैले कीचड़से यात्री परेशान



पूर्व की बारिश से विद्यावाहिनी बस अड्डा पर कीचड़ फैल गया तो जलजमाव के बीच ही बसों के खड़े होने से लोगों की परेशानी बढ़ गयी। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे परीक्षार्थियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस अड्डे पर कीचड़ होने से फिसलने का खतरा बना रहा। बस अड्डे के बार एमजी मार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों से लगातार जाम बना रहा। सड़क पर डग्गामार वाहनों के खड़े होने से लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है वहीं वाहनों की लम्बी कतारें लगती रही। विद्यावाहिनी बस अड्डें पर कीचड़ होने से कर्मचारियों को भी दुश्वारियां झेलनी पड़ती है। बस पकड़ने आये बच्चे, महिलाओं एवं बुजुर्ग लोगों को सबसे अधिक परेशानियों से गुजरना पड़ा। यात्री फिसले और उनके कपड़े भी खराब हो गये। अड्डा क्षेत्र कीचड़ और जलमग्न होने से यात्रियों को गंदे पानी से होकर बस को पकड़कर गंतव्य स्थलों की ओर रवाना होना पड़ा।

पूरे दिन ट्रान्सफार्मरोंके बांधे जाते रहे फ्यूज

बाधित रही बिजली, लोग परेशान

नगर में धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर बिजली विभाग की तैयारी तेज कर दी है। पर्व की तैयारी को लेकर पूरे दिन ट्रान्सफार्मरों के पेटी फ्यूज कसे जाते रहे हैं। इससे पूरे दिन बिजली कटौती से लोग परेशान रहे हैं। बमरौली, मुट्ठीगंज, रामभवन चौराहा, बहादुरगंज, चौक, कोतवाली, घंटाघर, जानसेनगंज, हीवेट रोड, खुसरोबाग से जुड़े इलाकों में पर्व के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा बिजली के तारों, खंभों और ट्रान्सफार्मर की मरम्मत का कार्य पूरे दिन किया गया, मरम्मत के कार्य में बिजली कर्मचारी जुटे रहे हैं। ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकें। इस दौरान ढीले और लटके हुए बिजली के तारों को कसा गया। साथ ही पुराने तारों को बदला गया। कार्य के दौरान हीं ओवरलोडिंग की समस्या से निबटने के लिए ट्रान्सफार्मर की चेकिंग की गयी। पर्व के दौरान बिजली व्यवधान को कम करने के लिए ट्रान्सफार्मरों के पेटी फ्यूज कापर के बांधे जाते है।

जिससे जल्दी जल्दी बिजली लाइनों की ट्रिप करने की स्थिति न बनने पाये। त्योहारों के बीतने के साथ ही पूर्व की तरह अल्युमिनियम के फ्यूजों को बांधा जाता है। इसकी वजह है कि लोड की स्थिति में ट्रान्सफार्मरों के नुकसान को कम करने के लिए अल्युमिनियम के फ्यूज कारगर होते हैं। लोड बढ़ते ही फ्यूज कट जाते हैं।

आल सोल्स डे : आज राजापुर कब्रिस्तानमें पूर्वजोंको अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि

राजापुर स्थित कब्रिस्तान में दो नवंबर को आल सोल्स डे (सभी आत्माओं का दिन) के मौके पर दिवंगत पूर्वजों एवं प्रियजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। लोग दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक कब्रिस्तान पहुंचकर अपने स्वर्गीय परिजनों की कब्रों पर पुष्प अर्पित कर प्रार्थना करेंगे। मीडिया प्रभारी सुनील कुमार वर्मा के अनुसार आल सोल्स डे हर वर्ष दो नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन ईसाई समाज में स्वर्गीय आत्माओं के लिए प्रार्थना, पूजा और स्मरण का दिन माना जाता है। इस मौके पर लोग कब्रिस्तान जाकर अपने पूर्वजों को याद करते हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। राजापुर कब्रिस्तान में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उम्मीद की जा रही है। परिजन अपने स्वर्गीय प्रियजनों की कब्रों की सफाई कर उन पर फूल चढ़ाएंगे और प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। स्थानीय प्रशासन एवं चर्च प्रबंधन से व्यवस्था बनाए रखने की अपेक्षा है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रियापर तार्किक क्षमताका प्रदर्शन

नगर निगम सदनमें युवाओंने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर साझा किये विचार, शीर्ष तीन प्रतिभागी विधानसभा स्तरपर रखेंगे विचार



मेरा युवा भारत की ओर से रविवार को नगर निगम सदन सभागार में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग-२०२७ के तहत 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से माय भारत पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग के उपरांत आए लगभग ८० चयनित युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का विषय 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' रहा, जिस पर युवाओं ने अपने विचार, तर्क एवं दृष्टिकोण प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया तथा राष्ट्रहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी समझ एवं तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की गूंज में एक राष्ट्र एक चुनाव पर विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर तथा विशिष्ट अतिथि नगर निगम के नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा रहे। इस मौके पर पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. डा. अरविंद कुमार मिश्रा ईश्वर शरण डिग्री कालेज, सेवानिवृत्त अधिकारी कमलेश नारायण दुबे, प्रो. डा. आरपी सिंह, राजनीति शास्त्र एक्स्पर्ट इलाहाबाद डिग्री कालेज, अभिषेक शुक्ला संस्थापक शुरुआत फाउंडेशन, महेश कुमार द्विवेदी समाज सेवी ने ने प्रतिभागियों के वक्तव्य का मूल्यांकन किया। युवाओं ने निर्धारित समय में विषय की समझ, तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, मौलिकता, प्रस्तुतीकरण एवं आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय चरण के लिए किया गया, जहां उन्हें विधान सभा स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अमरेश दुबे ने किया और युवराज, शुभम, सक्षम, कावेरी, पायल, अस्मिता, अमन एवं कृष्णा मौर्य, राम अवध कुशवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दस प्रतिभागियोंको निगमने दिया नकद पुरस्कार

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष १० प्रतिभागियों को महापौर एवं नगर आयुक्त एवं मेरा युवा भारत की उपनिदेशक जागृति पांडेय ने मेरा युवा भारत में ट्राफी मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। नगर आयुक्त ने नगर निगम की तरफ से प्रथम, द्वितीय तृतीय को पृथक रूप ५०००, ३००० तथा २००० कैश तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साह वर्धन किया। जिसमें अदिति सिंह, वैभव श्रीवास्तव, अदीबा अब्बासी, वंशिका पाठक, अंकुश मिश्र, पलक, अभिज्ञान सिंह, अनुभव शुक्ला, अनुपम मौर्या और अभिनव पाण्डेय शामिल हैं।

नवरात्र पर्व : २०२५ की तुलनामें इस साल वाहनोंके पंजीकरणमें आयी गिरावट

दो पहिया वाहनोंमें ३.४८ एवं चार पहिया वाहनोंमें ८.६२ फीसदीकी कमी

अबकी बार के नवरात्रि २०२६ अवधि के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों के पंजीकरण में गिरावट दर्ज की गयी है। यह गिरावट २०२५ के नवरात्रि अवधि के दौरान आरटीओ कार्यालय में पंजीकरण के आधार पर है। जिसके अनुसार वाहनों की पंजीकरण में वृद्धि के बजाय गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट पेट्रोल और इलेक्ट्रिक दोनों ही प्रकार के वाहनों में दर्ज की गयी है। आरटीओ कार्यालय के आंकड़े के अनुसार वर्ष २०२५ में दोपहिया वाहन ३,४७९ एवं वर्ष २०२६ में कुल ३,३५८ दो पहिया वाहनों का पंजीकरण हुआ। इस बदलाव से जाहिर है कि दो पहिया वाहनों के पंजीकरण में ३.४८ फीसदी की गिरावट आई है। वहीं चारपहिया वाहन के आंकड़ों पर गौर करें तो २०२५ में नवरात्रि अवधि के दौरान कुल १,०२१ वाहनों का पंजीकरण हुआ जबकि वर्ष २०२६ में यह घटकर मात्र ९३३ वाहनों का पंजीकरण हो सका।

यह बदलाव लगभग ८.६२ फीसदी वाहनों के पंजीकरण की कमी को दर्शाता है। जिससे लगता है कि वाहनों के प्रति लोगों का लगाव थोड़ा कम हुआ है। नवरात्रि के दौरान वाहनों के पंजीकरण के आंकड़ों में कमी से परिवहन कार्यालय के राजस्व में भी कमी आयी है। पूर्व में २२ सितंबर से २ अक्टूबर २०२५ वर्ष में नवरात्रि के दौरान प्राप्त आंकड़े बताते है कि संभागीय परिवहन कार्यालय में दोपहिया कुल ३,४७९ वाहन पंजीकृत कराए गए जबकि चारपहिया कुल १,०२१ वाहन पंजीकृत किए गए थे। वर्ष २०२६ में ११ सितंबर से २० सितंबर के दौरान भी संभागीय परिवहन कार्यालय में वाहनों का पंजीकरण हुआ जिसमें पेट्रोल और इलेक्ट्रिक दोनों ही कटेगरी के वाहन शामिल है। इस अवधि के दौरान ३,३५८ दोपहिया वाहन पंजीकृत कराए गए हैं। इस दौरान ९३३ चारपहिया वाहनों का पंजीकरण कराया गया है। परिवहन अधिकारी भी मानते है कि इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि त्योहारी सीजन और विशेष अवधियों में परिवहन कार्यालय में नए वाहनों के पंजीकरण को लेकर लोगों का रुझान कम हुआ है।

अंगदानसे आठ लोगोंको मिल सकता है नया जीवन-डा. क्षितिज श्रीवास्तव

मेडिकल कालेजमें आयोजित स्मृति व्याख्यानमें विशेषज्ञोंने साझा किये विचार



एक अकेला व्यक्ति अपने अंगदान से आठ लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। शरीर भले ही समाप्त हो जाए पर लीवर, किडनी, हार्ट के अंगदाता मृत्यु के बाद भी वह व्यक्ति समाज में शाश्वत जीवित रहता है। उक्त बातें आपोलोमेडिक्स हास्पिटल लखनऊ के प्रोफेसर डारेक्टर एवं हेड डा. छितिज श्रीवास्तव ने मृत्यु के बाद जीवन , न्यूरोसर्जन का दृष्टिकोण विषय पर कहीं। मौका था मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के एलुमनी वेलफेयर एसोसिएशसन की ओर से एक विशेष 'स्मृति व्याख्या के आयोजन का। समारोह के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार ने चिकित्सा शिक्षा के स्तर, समाज के प्रति चिकित्सकों की नैतिक जिम्मेदारियों एवं ज्ञान एवं अनुभज्ञव को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर विशेष जोर दिया।

बेंगलुरू से आए डा. सौरभ राय ने वैस्कुलर सर्जरी (वाहिका शल्य चिकित्सा) की आधुनिक प्रक्रिया, इसके लाभ एवं इससे होने वाले संभावित नुकसान एवं सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एके वर्मा ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजन युवा डाक्टरों को प्रेरित करने एवं ज्ञान साझा करने का बेहतरीन माध्यम है। बीएचयू के डा. डीबी चंद्रा ने चिकित्सा को अध्यात्म से जोड़ते हुए अपनी बात रखी। प्रो. आरके अग्रवाल को प्रयागराज में कार्डियोलाजी के विकास एवं चिकित्सा शिक्षा में उनके योगदान के लिए याद किया गया।डा. सुबोध जैन ने बताया कि बच्चों में होने वाले टाइप १ मधुमेह में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली(इम्यून सिस्टम) खुद ही बीटा कोशिकाओं पर हमला कर उन्हें नष्ट कर देती है। इससे इंसुलिन की कमी हो जाती है और शरीर में ग्लूकोज का स्तर असंतुलित हो जाता है। इस मौके डा. भूपेश द्विवेदी, डा. शरद जैन, डा. पंकज कामरा, डा. अनुज गुप्ता, डा. बीएन गुप्ता, डा. सत्विक स्वरूप, डा. मोहित जैन, डा. अरुण कांत, डा. राज कुमार, डा. नीरज मोहिले, डा. संतोष सिंह, डा. नीरज मोहिले सहित बड़ी संख्या में मेडिकल कालेज के प्रोफेसर एवं डाक्टर एवं जूनियर डाक्टर एवं छात्र मौजूद रहे।

काल्विनके गेटपर कूड़ेका अम्बार, निर्देश दरकिनार

शाहगंज स्थित काल्विन अस्पताल के गेट पर एंवं दीवार से सटकर कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। कुत्ते एवं मवेशी जमा कूड़े को दूर तक घसीटकर ले जा रहे हैं, जिस कारण सड़क तक गंदगी फैली हुई है। इस ओर नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा। खास बात हो यह है कि अस्पताल की दीवार पर साफ-साफ नगर आयुक्त की ओर से निर्देश अंकित किया गया है कि यहां पर कूड़ा या मलबा न फेंके, सीसीटीवी कैमरे की नजर में आप है, कूड़ा या मलबा फेंकने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा। इसके बावजूद भी लोग यहां कूड़ा फेंक रहे है, जिससे राहगीरों को दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के आसपास रह रहे लोग घरों से निकलकर यहां कूड़ा फेंकते हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर ऐसे लोगों के खिलाफ काररवाई करनी चाहिए।

महंगा हो रहा सूरन, हरी सब्जियोंके भाव गिरे

रविवार को मंडी में सब्जियों के दाम में गिरावट देखी गयी। कद्दू रु ७-८ रुपये प्रति किलो रहा। पत्ता गोभी ६-७ रुपये प्रति किलो में बिकी। वहीं लौकी का भाव १० प्रति किलो रहा। बैंगन रु ७ से लेकर १० रुपये प्रति किलो तक बिकी। बाजार में अच्छी गुणवत्ता का गोल बैगन भी आया था। थोक बाजार में फूल गोभी का भाव गिरा है। यह रु १०० से लेकर १५० रूपये प्रति बोरी बिकी। फुटकर में रु १५ से लेकर ३० रुपये तक आकार एवं गुणवत्ता के आधार पर फूल गोभी बिकी। इधर टमाटरके भाव में थोडी तेजी आई है। यह रु ५०० से लेकर ६०० रुपये क्रेट(२५ किग्रा) तक रहा। फुटकर में रु १५ से लेकर २५ रुपये प्रति किलो तक बिका। सूरन तेजी पकड़ रहा है। पूर्व में ४० रुपये प्रति किलों वाला सूरन रविवार को ५० रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया। सम्भावना है कि दीवाली तक यह रु ८० या और अधिक महंगा हो जायेगा। पालक रु १६ प्रति किलो, भिंडी रु २५ प्रति किलो, हरा प्याज रु २५ प्रति किलो, कच्चा पपीता रु २५ प्रति किलो, हरी मिर्च रु ३० प्रति किलो, हरा धनिया रु ४० प्रति किलो, शिमला मिर्च ४० प्रति किलो, अदरक रु ६० प्रति किलो आदि सब्जियोंका भाव रहा। अध्यक्ष सतीश कुशवाहा ने बताया कि मण्डी में अधिक आवक होने से सब्जियों के भाव में गिरावट आई है। चौराई, तोराई, पालक आदि के भाव में कमी आयी है, हालांकि आलू और प्याज का भाव पूर्ववत ही रहा। छुट्टी के कारण रविवार को मंडी में खरीदारों की आवाजाही बनी हुई है और सब्जियों का भाव गिरने से आम जनता को थोड़ी राहत भी मिली।

जनपद न्यायाधीशने लाभार्थियोंको वितरित किये प्रशस्ति पत्र

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणने लगाया मेगा कैम्प

जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने मेगा कैम्प में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, कृत्रिम उपकरण, डेमो चेक तथा स्वीकृति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं से अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा।

जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि के द्वारा रविवार को ईश्वर शरण डिग्री कालेज में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर मेगा शिविर-वृहद सहायता शिविर का शुभारंभ किया। जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजन, प्रोबेशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद, पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को कृत्रिम उपकरण, प्रशस्ति पत्र, स्वीकृति पत्र, प्रमाणपत्र, डेमो चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य कार्य जनता को उनके अधिकारों से अवगत कराना तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराना है, साथ ही साथ सरकार के द्वारा जो योजनाएं जनता के उत्थान एवं कल्याण के लिए संचालित की जा रही है, उनका अधिक से अधिक लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि शासन एवं न्यायपालिका का उद्देश्य है कि मुकदमें बाजी खत्म हो, इसलिए मध्यस्ता केन्द्र एवं सुलह समझौता केन्द्र की स्थापना की गयी है और प्रयास रहता है कि ज्यादा से ज्यादा मामले बातचीत व आपसी सुलह समझौते से हल हो जाये। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं से अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रदीप्ति सिंह एवं अपर जिला जज-नोडल अधिकारी मेगा कैम्प विनोद कुमार चौरसिया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगणों, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के.वी. तिवारी, परमानंद मिश्रा,देवेश शुक्ला के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण, अधिवक्तागण, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास गुप्ता ने किया।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड
वर्ष-३१ पू.सं. (११३६८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५
दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

भारतीय किसान यूनियनने एकत्रित किया १५० यूनिट ब्लड

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन(पूर्वा)ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग १५० यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में किसानों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गो ने हिस्सा लिया। शिविर में आरपी पटेल, भारतीय किसान यूनियन पूर्वा के राष्ट्रीय महासचिव एसएस सिंह, महिला मोर्चा प्रभारी वीके सिंह, संजय भाई आदि ने दिया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महासेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के आदर्शो को चारितार्थ करता है। ऐसे जनहितकारी कार्य युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गो को राष्ट्रसेवा से जोड़ते है।

फिल्म फेस्टिवलमें कलाकारोंको किया गया सम्मानित

मधुबाला फिल्म्स द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के भाषा एवं बोलियों के संवर्धन एवं विकास के क्रम में आयोजित तीन दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय प्रयागराज फिल्म फेस्टिवल २०२६ का आज एमएनआईटी सभागार में भव्य समापन हुआ। फेस्टिवल के अंतर्गत हिंदी की बोलियों की लगभग ८१ फिल्में प्राप्त हुई थीं, जिनमें से विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। उन्होंने कहा कि आलोक मालवीय द्वारा प्रयागराज और कुम्भ की पृष्ठभूमि पर बनायी गयी फिल्म कुम्भ का संगम भी पूरे विश्व में सफलता प्राप्त करेगी। द्वितीय सत्र पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि पद्मश्री नलिनी अस्थाना, पद्मश्री कमलिनी अस्थाना, प्रख्यात गीतकार, संवाद एवं पटकथा लेखक संजय मासूम तथा जाने-माने फिल्म अभिनेता सुशील सिंह उपस्थित रहे और उन्होंने विजेताओं को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अवार्ड शो में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई कलाकारों और फिल्मों को पुरस्कृत किया गया।

माघमेलेमें डिजिटल तकनीक का होगा प्रयोग

माघ मेला क्षेत्र में बिजली लाइनों और बुनियादी ढांचे के निर्माण का कार्य तेजी से आरम्भ हो गया है। गंगा का जलस्तर कम होने और रेती उपलब्ध होने के बाद मेला प्राधिकरण और बिजली विभाग ने युद्ध स्तर पर खंभे लगाने और तार खींचने का काम शुरू कर दिया है।अधिकारियों के मुताबिक इस बार भी मेले में डिजिटल तकनीक का प्रयोग किया जायेगा। बिजली के खंभो पर विशेष क्यूआर कोड/बारकोड लगाये जा रहे हैं। शिकायत या खराबी की स्थिति में श्रद्धालु या कर्मचारी इस क्यू आर कोड को स्कैन करके सीधे कंट्रोल रूम को सटीक लोकेशन के साथ सूचना दे सकेंगे। जिससे तुरंत समस्या का समाधान होगा।

व्यापार मंडलके मंडलाध्यक्ष बने पवन कुमार



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रयागराज की बैठक एवं स्वागत समारोह का आयोजन महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नव-नियुक्त मंडलाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता 'समीर' का व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। नय मंडलअध्यक्ष को प्रयागराज मंडल के जिले प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर आदि जिलों में नई इकाई के संगठन बनाने की जिम्मेदारी सौंप गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से जार्जटाउन टैगोर टाउन एरिया मे अतुल

पदाधिकारियोंने दी बधाई

मेहरोत्रा के नेतृत्व मे नए इकाई का गठन किया व कालीदीपुरम स्वर्णकार व्यपार मण्डल का भी विलय भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल मे किया।

साथ ही महानगर इकाई का विस्तार भी किया गया, नए सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जल्दी ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि कांत गर्ग एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल द्वारा नय पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की जाएगी। बैठक में नवीन अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, अरुण केसरवानी, पीयूष पांडे, अभिषेक केशरवानी, विकास वैश्य, संदीप अग्रवाल, अनूप श्रीवास्तव, आकाश सिंह, अविनीश श्रीवास्तव, अतुल कुमार मेहरोत्रा, संदीप साहू आदि उपस्थित रहे।

बाजारोंमें उमड़ी भीड़, सड़कों एवं चौराहोंपर जूझे लोग

सड़कोंपर वाहनोंके खड़ा होनेसे रही दिक्कत



छुट्टी के दिन नगर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे नगर के मुख्य सड़कों और चौराहों जैसे सिविल लाइंस, कटरा, मेडिकल चौराहा, पुराने नगर के बाजारों में लोग पूरे दिन जूझते दिखायी दिये। पर्व के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में जाम की समस्या बढ़ रही है।लोगों का कहना है कि कुछ दिन में दुकानें लगने के बाद हालात और बिगड़ जायेंगे। आगे आने वाले दिनों में भीड़ से बचने के लिए बाजारों से जरूरी खरीदारी करने लगे हैं। जाम के चलते वाहन रेंगते रहे हैं। सामान्य दिनों में महज दस से पन्द्रह मिनट में पूरा होने वाला सफर एक घंटे में तय हो सका। वहीं नगर में पीईटी परीक्षा के मद्देनजर जगह जगह सेन्टर बने रहे हैं। परीक्षा के समाप्त होने के बाद मेडिकल चौराहा समेत, सिविल लाइंस में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया। देखते ही देखते सड़कों और वाहनों की कतार लग गयी। जाम के चलते सड़क पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों के अलावा एम्बुलेंस भी फंसी रही है।

इसके अलावा फाफामऊ, झूंसी और नैनी पुलों पर भी जाम के चलते वाहनों की कतार लगी रही है।

वाहन धीरे धीरे आगे बढ़ते रहे हैं। लोगों का कहना रहा है कि पर्व आरम्भ हो गया है। जिसे देखते हुये यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखना बेहद जरूरी है। व्यापारियों ने भी मांग की है कि बाजारों में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की बजाये पार्किंग की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। सड़क पर दो लेन में वाहनों को नहीं खड़ा किये जाने से बाधा नहीं आयेगी। लेकिन लोग एक वाहन के करीब दूसरा वाहन खड़ा कर देते हैं। इससे सड़क संकरी हो जाती है।

पीईटी : हंडियाके युवकको ले गई झांसी पुलिस

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में इलेक्ट्रानिक डिवाइस के जरिए नकल करते झांसी में पकड़े गए आकाश पटेल के साथी सुजीत पटेल को झांसी पुलिस रविवार को उसके हंडिया थानाक्षेत्र के सराय मंसूर गांव स्थित घर से पकड़कर अपने साथ ले गई। सूत्रों के मुताबिक आकाश ने पूछताछ में पुलिस को सुजीत के बारे में जानकारी दी थी। सुजीत की मामले में क्या भूमिका है, यह साफ नहीं हो पाई। सुजीत के पकड़े जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। गौरतलब है कि शनिवार को झांसी में पकड़ा गया आकाश पटेल प्रयागराज का ही रहने वाला है। रविवार को संपन्न हुई पीईटी की प्रथम पाली की परीक्षा में भी प्रयागराज के फूलपुर में ढोकरी गांव निवासी राकेश पटेल पकड़ा गया। उसे मैनपुरी के कु.आरसी कन्या इंटर कॉलेज से पकड़ा गया। वह अंडर गारमेंट में छिपाकर ले गए इलेक्ट्रानिक डिवाइस और ईयरपीस के जरिए नकल कर रहा था। कॉलेज के प्रधानाचार्य की शिकायत पर कोतवाली थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस राकेश पटेल से पूछताछ कर रही है। झांसी और मैनपुरी में पकड़े गए आरोपी एक ही नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।